




# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का हुआ भव्य लोकार्पण

**सिवनी (स्वतंत्र मत)** धन्वन्तरि जयंती एवं 9 वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 12850 करो? रुपये लागत की स्वास्थ्य परियोजनाओ के साथ ही शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी का वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण किया गया। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी का जिला स्तरीय लोकार्पण समारोह राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद भारती पारधी, विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, विधायक केवलारी रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पवार, पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों संभागायुक्त श्री अभय वर्मा, आई जी जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा, कलेक्टर संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एवं लगभग 08 से 10 हजार की संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। वंचितों, गरीबों तक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा कर सिवनी मेडिकल कॉलेज सरकार के सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को साकार करेगा- राज्यपाल श्री पटेलजिलास्तरीय लोकार्पण समारोह को संबोधित करतें हुए राज्यपाल पटेल ने उपस्थिटत जनों को मेडिकल कॉलेज के रूप में मिली सौगात के लिए शुभकामनाऐं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र विस्तार के अभूतपूर्व प्रयास हुए है। आने वाले समय में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा-सेवा बहुत व्यापक स्तर पर आम जन को सुलभ हो इसके लिए देश में,अनेक नए एम्स,मेडिकल कॉलेज खोलनेके साथ ही एमबीबीएस और पी.जी. की सीटें ब?ायी जा रही हैं।राज्य पाल पटेल ने कहा कि मेरा ऐसा विश्वीास है कि सिवनी मेडिकल कॉलेज वंचितों, गरीबों तक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा कर सरकार के सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को साकार करेगा। उन्होनिं कहा कि मेरा मानना है कि जिनके मन में सेवा भावना होती है, वही डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के रूप में चिकित्सा सेवा को चुनते है। उन्हों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और छात्र के रूप में आप सब को सेवा भावना, संवेदनशीलता, सहानुभूति और रोगी परिजनों के प्रति समानुभूति के भावों और व्यवहार की मजबूत परंपरा को कायम करना होगा। पी?ित मानवता की सेवा बहुत ब?ी जिम्मेदारी और मानवता का सर्वोच्च धर्म है,इसीलिए हमारे देश मंग डॉक्टरों को लोग भगवान मानते हैं क्योंकि वे लोगों की स्वास्थ्य-रक्षा तथा प्राण-रक्षा करते हैं।राज्यपाल पटेल ने छात्र-छात्राओं से कहा चिकित्सा सेवा क्षेत्र से जु? होने के कारण आपको हमेशा याद रखना है कि आपके द्वारा दी गई दवा या परामर्श के साथ आपके व्यवहार में हीलिंग टच हो। आपको सचेत रहना है कि विषम परिस्थितियों में भी आपकी कार्यशैली में धैर्य, संवेदनशीलता, संवेदना और करुणा जैसे मूल्य बने रहें।

उन्होंने जनमानस से कहा कि सभी को यह बात समझनी चाहिए कि डॉक्टर, मरीज की जान बचाने के लिए सारे उपाय करते हैं।फिर भी यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए डॉक्टरों या अस्पताल के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। मरीजों, उनके परिजनों और आम जनता को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि जीवन और मृत्यु से जुड़े कारण हमेशा डॉक्टरों की समझ में भी नहीं आ सकते हैं। उन्होंने कहा कोरोना महामारी में हमने देखा कि कैसे देश के डॉक्टरों, नर्सों, एवं मेडिकल क्षेत्र से जुडे लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बिना, समर्पण और निस्वार्थ भाव से जनसेवा के सर्वोच्च मानवीय मूल्यों को दर्शाया है। उनकी आत्मीयता और अपनत्व ने महामारी से ल?ने में जो भूमिका निभायी है, उसके लिए पूरा देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस आशा के साथ कि आप सभी 'स्वस्थ भारत' और 'विकसित भारत' के निर्माण में अपना प्रतिबद्ध योगदान देंगे।






**मेडिकल कॉलेज सिवनी जिले की जनता के साथ-साथ आस**-पास के जिलों के लिए भी लाभदायक-प्रभारी मंत्री वर्मा कार्यक्रम को संबोधित कर प्रदेश शासन के राजस्वक एवं जिले के प्रभारीमंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के रूप में मिली यह सौगात निश्चित रूप से सिवनी जिले की जनता के साथ-साथ आस-पास के जिलों के लिए भी लाभदायक होगी। आमजनों को उपचार के लिए अब नागपुर-जबलपुर जैसे महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में क्रांति है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से आमनागरिक को 05 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। प्रभारी मंत्री वर्मा ने कहा कि किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा सायबर तहसील की सुविधा प्रारंभ की है जिससे किसानों को अब रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए तहसील के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि नामांतरण के साथ-साथ बटवारा एवं अन्य राजस्व कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने किसानों से नरवाई न जलाने की अपील भी की।

प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार हो रहा उन्नयन- राज्य मंत्री पटेल लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि धनवंतरि जयंती के शुभ अवसर पर सिवनी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण निश्चित रूप से हर्ष का विषय है। आज के दिन मध्यप्रदेश में सिवनी, मंदसौर तथा नीमच सहित तीन मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण होने से 300 नए डॉक्टर मिलने लगेंगे जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं का उन्नयन होगा। सांसद भारती पारधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ रहा है। उन्होंने राज्यपाल श्री पटेल के नेतृत्व में क्रियान्वित सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी अपना अनुभव साझा कर उपस्थितजनों को अपनी सिकल सेल की जांच कराने की अपील की।

**सरकार ने जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोडी-विधायक श्री राय**-मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की सेवाओं का जिले वासिओं को होगा लाभ

विधायक दिनेश राय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सिवनी के विकास में कोई कसर नहीं छोडी है। सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेज के रूप में मिली यह सौगात निश्चित रूप से सिवनी जिले के निवासियों के लिए फायदेमंद होगी। अश्री राय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में इस वर्ष 100 छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिला है। इसके साथ ही 76 ऐसे डॉक्टर जो विदेशों से प?कर आए हैं वे भी इंटरशिप के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं।

कन्या पूजन से हुई कार्यक्रम की शुरूआतशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लोकार्पण समारोह पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल सहित अन्य अतिथियों ने कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी तरह कार्यक्रम में अंत में प्रतिकात्मक स्वरूप प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ के वितरण किए गए।

**राज्यपाल पटेल ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण**-राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत बच्चों की शिक्षा के? लिए उपलब्ध उन्नत तकनीकों से लेस अध्ययनकक्ष, लैबोरेटरी के साथ-साथ अन्य विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिकात्मक स्वरूप शिलान्यास का अनावरण भी किया। सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, विधायक केवलारी रजनीश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संभागायुक्त अभय वर्मा, आई जी जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा, कलेक्टर संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**हेलिपेड में हुआ राज्यपाल पटेल का आत्मीय स्वागत**-राज्यपाल मंगूभाई पटेल के हेलिपेड आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, संभागायुक्त अभय वर्मा, आई जी जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# प्रदेश में कुम्हारों के योगदान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दिया धन्यवाद

## दुकानों से शुल्क में मिली छूट से प्रसन्न हैं कुम्हार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** नगर के उत्कृष्ठ विद्यालय बालाघाट मैदान पर कटंगी के कटेरा से आकर मुरलीधर प्रजापति मिट्टी के उपयोगी और आकर्षक बर्तनों की तीन पीड़ियों से दुकान लगाते आ रहें है। मुरलीधर ने बताया कि जब वे 30 वर्ष के थे तब उनके पिताजी श्री टोलूराम पेंटर मिट्टी के दीड़ बनाया करते थे। तब उनके कहने पर ही उत्कृष्ठ विद्यालय में लगभग 2004 में दीये लेकर आये और दुकान लगाकर कमाई करना शुरू किया था। अब मुरलीधर अपने बेटे हितेश कुमार के साथ कटेरा से आकर वही पर दुकान लगा रहें है। उन्होंने कहा कि शासन ने शुल्क में जो छूट दी है। वो छोटी जरूर है लेकिन एक कुम्हार के लिए मेहनत का बड़ा हिस्सा है। दिनभर धूप में विक्रय करने के बाद 20 या 50 रुपये देना बड़ा मुश्किल होता है। अगर एक सप्ताह तक दुकान लगाएं तो 200 या 300 से अधिक हो जाता है।

जो हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस बार यह दिवाली इसलिए भी खास है क्योंकि शासन द्वारा लोकल से वोकल का संदेश दिया है। जिसमें कुम्हारों को भी याद किया।

इसी तरह महावीर गेट के पास ठेला लगाकर दीपक विक्रय कर रहे दीपक कोटाँगले और रजनी घाटे व शंकर प्रजापति ने भी शासन के इस निर्णय की सराहना की है।



तीसरी पीड़ी ने मिट्टी के साथ किया नवाचार प्रसिद्धि भी पायी

मुरलीधर ने अपने पिता तोलूराम के साथ मिट्टी के बर्तन बनाने की शुरुआत दीपक, कवेलू, ईंट, मटके, तवा व रांजन के साथ कि थी। लेकिन अब उनके परिवार में तीसरी पीड़ी ने इस कार्य को अपने हाथ में लिया। तीसरी पीड़ी के हितेश ने नवाचार करते हुए मिट्टी के कई नए बर्तन बनाने का कार्य प्रारम्भ किया हैं। अब वे घरों में तड़का लगाने वाले विशेष पात्र को भी मिट्टी का रूप दिया है। इसी तरह उन्होंने पानी की बोतल, टंकी, फ्रायपेन के अलावा मिट्टी का कुकर भी तैयार कर लिया है। आज वे अपने पापा मुरकीधार के साथ मिलकर 30 से अधिक प्रकार के मिट्टी के बर्तन व अलंकार,मूर्तियां आदि तैयार कर रहें है।

**नगर में 225 से अधिक और वारासिवनी में 50 से अधिक कुम्हारों को मिली छूट**-बालाघाट सीएमओ श्री कमलेश बिजवार ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 225 दुकान व ठेले मिट्टी के बर्तन या दीए के लगाए गए है। प्रतिदिन के हिसाब से प्रति मीटर या अन्य साइज के हिसाब से 20 व 50 रुपये तक का शुल्क लिया जाता था।

# लोकसेवा केन्द्र की जांच रिपोर्ट को लेकर संचालक ने जनसुनवाई में की शिकायत

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** खैरलांजी लोकसेवा केन्द्र संचालन के विरूद्ध ग्रामीणों के द्वारा समस्याओं को लेकर शिकायत की थीं, उक्त शिकायत पर जांच उपरांत केन्द्र संचालक पर शासकीय राशी अधिरोपित किया गया हैं। उक्त जांच रिपोर्ट को लेकर केन्द्र संचालक के द्वारा जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई हैं कि जांच उपरांत दस्तावेजों की सही जांच नहीं कि गईहै बल्कि जांचकर्ता अधिकारियों के समक्ष शिकायतकर्ताओं के द्वारा कुटरचित दस्तावेज पेश किया गया था।

खैरलांजी लोक सेवा केन्द्र के प्रो. सी.पी.एन. नेटवर्क के लोगों ने बताया कि उक्त केन्द्र की शिकायत दर्ज कराई थीं कि संचालक के द्वारा हितग्राहियों से अधिक पैसा लिया जाता हैं और सुविधाएं भी समय पर नहीं दी जाती हैं, जिसको लेकर जांच टिम में जनपद सीईओं खैरलांजी, तहसीलदार और लोकसेवा प्रबंधक की मौजुदगी में जांच की गई, लेकिन जांच में शिकायतकर्ता के द्वारा पेश किये गये दस्तावेजों को सहीं देखा नहीं गया और जांच रिपोर्ट तैयार कर गलती के आधार बनाकर शासकीय राशी अधिरोपित कर दी गई। जबकि शिकायतकर्ताओं के द्वारा जांच अधिकारियों के समझ में कुटचरित दस्तावेज पेश किया गया, यहीं नहीं जानकारिया भी गलत दी गई। जिसकी शिकायत जनसुनवाई में दर्ज कराई हैं।

## 4 को खमरिया में दुय्यम शायरी

**खमरिया(स्वतंत्र मत)।** लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम खमरिया में दिन-रात मंडई का आयोजन 4 नवम्बर दिन सोमवार को रखा गया हैं। जानकारी देते हुए मंडई मेला समिति के पदाधिकारियों एंव सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिन-रात की मंडई का आयोजन रखा गया हैं। बता दे कि मंडई का आयोजन बाजार चौक में रखा जाता हैं, एवं कार्यक्रम देवी मोहल्ला में किया जाता हैं। रात्रि कालीन मनोरंजन हेतु दो पुरूष शायरों का मुकाबला रखा हैं। पहला शायर अंजीलाल पटले ग्राम महदुली वारासिवनी, दुसरा शायर गेंदलाल बिसेन बुढ़ी हट्टा वे अपनी साथी कलाकारों द्वारा शानदान प्रस्तुति देंगे।



# लांजी पुलिस ने दो बड़ी चोरी का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले की लांजी थाना पुलिस ने दो बडी चोरीयों का खुलासा किया है। जहां वारदात में शामिल पुलिस ने अब तक 05 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से आभूषण, वाहन एवं नगदी समेत लगभग 06 लाख का मशरूका भी बरामद किया है। दरअसल, आवेदक अरविंद घोगडे निवासी थानेगांव ने थाना लांजी मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे शिक्षक दंपत्ति है। 05 अक्टूबर को वे लोग घर मे ताला बंद करके स्कूल पढाने चले गये थे और करीब शाम 04.30 बजे लौटकर घर आये। तो देखा कि अज्ञात चोरो ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जहां आलमारी का लाक तोडकर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये। इसी प्रकार आवेदक मूलचंद्र तांडेकर निवासी ग्राम पोनी ने 25 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रोज की तरह अपने खेत मे काम करने चले गये और पत्नि खरीददारी करने बालाघाट आई थी तथा 02 लडके अपने अपने काम पर चले गये थे।

# मध्यप्रदेश शासन के वाहन से लूट करने पहुंचे युवक!

## तिरोडी के बम्हनी रेतघाट का मामला...

## भाजयुमो कटंगी मंडल अध्यक्ष पहुंचा था साथियों के साथ देर रात रेतघाट!

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले में रेत का अवैध परिवहन होने का कथित आरोप लगाकर रेत परिवहन कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न होने के मामले सुर्खियों में चढ़ रहे है। जहां रेत कारोबार से जुडे लोगो के द्वारा कभी रेत का अवैध परिवहन किया जाता है तो कभी उनके वाहन को जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो व असामाजिक तत्वो के द्वारा रोका जाता हैं। आखिर, इन सबके पीछे वास्तविक कहानियां क्या होती है, इसकी गुत्थी ना तो कभी पुलिस सुलझा पाती है और ना ही खनिज विभाग। आलम यह होता है कि पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालो के घेरे में आ जाती है। कुछ ऐसा ही मामला सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्री लगभग 3 बजे जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्हनी रेतघाट घटित हुआ। जहां तीन लोग एक बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी 50 टी 1138 से पहुंचे, जिसमें मध्यप्रदेश शासन लिखा था। जहां उन्होंने रेतघाट पहुंचकर रेत परिवहन कार्य में लगे रेत से डंपरो को रोका और चालकों से रॉयल्टी मांगी। जब घाट पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों ने उनसे परिचय पूछा तो वहां विवाद जैसी स्थिति निर्मित हो गई। जिसका एक वीडियों भी सोशल मीडिया में वॉयरल हुआ। जिसमें बुलोरो वाहन से पहुंचे तीन लोग ठेकेदार के कर्मचारियों पर झूमा-झपटी करते नजर आये और संभवतः उन्होने दबाव बनाने का भी प्रयास किया। इस दौरान ही ठेकेदार के कर्मचारियों ने अपनी रेत कंपनी के मैनेजर अनुराग तिवारी को फोन लगातार पूरे घटनाक्रम की सूचना व जानकारी दी। वाहन के साथ रेतघाट पहुंचे तीन लोगो के एक शख्स का नाम प्रियांश रावत बताया जा रहा है। बताया जा रहा हैं कि प्रियांश रावत भाजपा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कटंगी हैं। रेत कंपनी मैनेजर अनुराग तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन लिखे वाहन से आए युवकों ने बम्हनी रेतघाट में पहुंचकर हंगामा किया और घाट में कंपनी के कर्मियों से मारपीट की और रुपए की मांग की। संभवतः वे लोग लूट की घटना को अंजाम देने की मंशा से पहुचे थे। अनुराग तिवारी ने आगे बताया कि उस युवक ने खुद को कटंगी के प्राइवेट विभाग का बताया। उसने कहा कि 20 हजार रुपए दे दो तो मामला यहीं खत्म कर देंगे। अन्यथा अंजाम बुरा होने की धमकी दी। अनुराग तिवारी ने बताया कि वे लोग जिस मध्यप्रदेश शासन लिखे वाहन में आए थे वह किसी राजेश डहारे के नाम का है। हो ना हो, उक्त वाहन किसी अधिकारी का ही होगा है, जिसका दुरूपयोग करते हुए युवक रेतघाट पहुंचे थे। उक्त अधिकारी की छवि धूमिल होगी, बल्कि यह कृत्य एक बडे अपराध की श्रेणी में भी आयेगा।



### इनका कहना हैं

मामले की शिकायत पहुंची है और जांच की जा रही हैं। वाहन किसी राज ठाकरे के नाम से रजिस्टर्ड हैं और जो लोग वाहन लेकर पहुंचे थे, उनको थाने बुलवाया गया है। संक्षिप्त जांच के बाद सबकुछ स्पष्ट होगा और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**जयंत मर्सकोले**
**थाना प्रभारी तिरोड़ी**